# वीयू – मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

आज 10 वें अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर परिसर में माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी थीम पर आधारित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन जी के निर्देशन में योग प्रभारी डॉ. प्रीति मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सोना दुबे, योग समिति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, कार्यक्रम में डी.आर.एस., डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. एस. घोष, डॉ. बी. रॉय, डॉ. एस. कारमोरे, डॉ. अक्षय गर्ग विशेष रूप में उपस्थित रहे, यह कार्यक्रम मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में विगत 14 जून से आरंभ हुआ, जिसमें योगाभ्यास के साथ–साथ पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग, तथा प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ योग

कार्यक्रम दर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया साथ ही योगा प्रोटोकाल डिमॉन्सट्रेसन का आयोजन क्रमबद्ध रूप में किया गया, जहां महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हुए प्रमाण एवं प्रशस्ति पत्र भी अर्जित किए, कार्यक्रम समारोह के दौरान अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन ने

छात्रों को संबोधित  करते हुए योग की महत्ता, विशेषता, उपयोगिता, वर्तमान परिदृश्य में योग की बढ़ती उपयोगिता एवम् योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवम् समाजिक लाभ के साथ वैश्विक स्तर पर इसके  महत्त्व पर अपने विचार व्यक्त किए एवम् योग के लिए सामूहिक प्रतिज्ञा ली, कार्यक्रम में  महाविद्यालय योग प्रभारी डॉ. प्रीति मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सोना दुबे, सह प्राध्यापक डॉ. माधुरी शर्मा, मत्स्यप्रक्षेत्र प्रबंधक श्री शिवमोहन सिंह, योग समिति सदस्य प्रतीक कुमार तिवारी, अनिल केवट, शिवानी पाठक, टीचिंग एसोसिएट प्रियंका गौतम, सहित कर्मचारी गण उपस्थित रहे, कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक डॉ. ए.पी. सिंह ने विशेष भूमिका निभाई, एवम् छात्रों को प्रशिक्षित किया, मंच संचालन प्रतीक कुमार तिवारी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर